दिल्ली में झुग्गी बस्ती में लगी आग, 21 झुलसे

नयी दिल्ली, (आरएनएस)। दिल्ली के श्रीनिवासपुरी इलाके में आज एक झुग्गी-बस्ती में आग लग जाने से 21 लोग झुलस गए। इनमें चार लोग गंभीर रूप से झुलसे हैं। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी के अनुसार घटना की सूचना शाम सात बजकर पांच मिनट पर मिली। उन्होंने बताया कि मौके पर चार दमकल गाड़ियां भेजी गई और शाम साढ़े सात बजे तक आग पर काबू पा लिया गया। अधिकारी ने कहा कि आग रसोई गैस लीक होने की वजह से लगी। उन्होंने कहा कि आग में चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना में 17 अन्य लोग भी झुलसे हैं। सभी का सफदरजंग अस्पताल में इलाज चल रहा है।

सुप्रीम कोर्ट में शुरू हुआ कामकाज, प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले जज भी लौटे

नई दिल्ली (आरएनएस)। जजों की प्रेस कॉन्फ्रेंस को लेकर हुए विवाद के बाद आज फिर से सुप्रीम कोर्ट में सामान्य कामकाज शुरू हो गया। मुख्य न्यायाधीश और प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले चारों जजों ने आम दिनों की तरह केस सुनने शुरू कर दिए। न्यायपालिका के इतिहास में पहली बार सार्वजनिक तौर पर मीडिया के सामने आकर जजों ने विवाद खड़ा कर दिया था। उन्होंने सीधे तौर पर न्याय प्रणाली पर सवाल उठाए, जिसके बाद काफी हंगामा मचा। जजों के खिलाफ कार्रवाई की हुई मांग सोमवार को वकील आरपी लूथरा ने कोर्ट में जजों की प्रेस कॉन्फ्रेंस का मामला उठाया। उन्होंने मुख्य न्यायधीश से जजों के खिलाफकार्रवाई करने की मांग की। हालांकि मुख्य न्यायधीश ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वह चुप रहे। आरपी लूथरा वही वकील हैं, जिनकी एमओपी का मुद्दा उठाने वाली याचिका का प्रेस कॉन्फ्रेंस करने वाले जजों की मुख्य न्यायधीश को लिखी चिट्ठी मे जिक्र किया गया है। जस्टिस चेलमेश्वर के घर आयोजित हुई थी पीसी बीते शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट के चार जज जस्टिस चेलमेश्वर, जस्टिस मदन लोकुर, जस्टिस कुरियन जोसेफ जस्टिस रंजन गोगोई ने मीडिया से बात कर सुप्रीम कोर्ट प्रशासन पर कई गंभीर आरोप लगाए। जस्टिस चेलमेश्वर के घर प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की गयी। उन्होंने कहा, 'प्रेस कांफ्रेंस को बुलाने का निर्णय हमें मजबूरी में लेना पड़ा है।' उन्होंने आगे कहा, 'देश का लोकतंत्र खतरे में है। सुप्रीम कोर्ट का प्रशासन ठीक से काम नहीं कर रहा है। चीफ जस्टिस पर अब देश को फैसला करना होगा।

घुसपैठ की कोशिश कर रहे 5 आतंकवादी ढेर

श्रीनगर, (आरएनएस)। सेना दिवस मना रहे भारतीय जवानों ने सोमवार को जम्मू-कश्मीर में बड़ी कामयाबी हासिल करते हुए घुसपैठ की कोशिश कर रहे पांच आतंकियों को ढेर कर दिया। मारे गए दहशतगर्द आतंकवादी संगठन जैश-ए-मोहम्मद से ताल्लुक रखते थे। इस ऑपरेशन में छठे आतंकी के मार जाने की भी खबर है, हालांकि सेना ने अभी इसकी पुष्टि नहीं कही है। बता दें कि पिछले कुछ दिनों में सेना को मिली यह बड़ी कामयाबी है। जम्मू कश्मीर पुलिस के महानिदेशक शेष पॉल वैद्य ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद के ये आतंकवादी दुलांजा उरी इलाके में घुसपैठ की कोशिश कर रहे थे। जम्मू-कश्मीर पुलिस, सेना और सीआरपीएफ की संयुक्त कार्रवाई में इन आतंकवादियों को मार गिराया गया। उन्होंने इस बड़ी कामयाबी पर सुरक्षा बलों को बधाई दी। इससे पहले जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों ने शनिवार को आतंकवादियों की एक बड़ी साजिश को नाकाम किया था। आशंका जताई जा रही है कि इस आईईडी को सुरक्षाबलों के किसी काफिले पर हमले के उद्देश्य से लगाया गया था। श्रीनगर में सीआरपीएफ के कमांडिंग ऑफिसर राजेश कुमार ने कहा कि सुरक्षा एजेंसियों को सुबह करीब 3 बजे श्रीनगर-बारामूला हाइवे पर आईईडी की मौजूदगी की सूचना मिली थी। उन्होंने बताया कि सूचना मिलने के बाद स्थानीय पुलिस, सेना की 2 राष्ट्रीय राइफल्स और सीआरपीएफ की संयुक्त टीमों द्वारा इस इलाके को सील कर दिया गया। इसके बाद सुबह करीब 9 बजे डॉग स्क्वॉड की मदद से हाइ वे पर मौजूद एक डिवाइडर के पास आईईडी बरामद की गई जिसे सेना की इंजिनियरिंग टीम की मदद से करीब 11 बजे डिफ्यूज कर दिया गया।

कर मुक्त होगी 20 लाख तक की ग्रेच्युटी

नई दिल्ली,(आरएनएस)। देश में संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को जल्द ही अच्छी खबर मिल सकती है। आगामी बजट सत्र में ग्रेच्युटी को लेकर संशोधन विधेयक पारित होने की उम्मीद है। इसके पारित होने से 20 लाख रुपये तक की ग्रेच्युटी टैक्स छूट के दायरे में आ जाएगी। अभी संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों को 10 लाख रुपये तक की ग्रेच्युटी पर टैक्स नहीं देना पड़ता है। सातवें वेतन आयोग में सरकारी कर्मचारियों के लिए कर मुक्त ग्रेच्युटी की सीमा 20 लाख रुपये कर दी गई थी। सूत्रों के मुताबिक, बजट सत्र में ग्रेच्युटी भुगतान (संशोधन) विधेयक, 2017 पेश किया जाएगा। इसे शीतकालीन सत्र में संसद के समक्ष रखा गया था। आगामी सत्र में इसके पारित होने की उम्मीद है। सरकार संगठित क्षेत्र के कर्मचारियों के लिए भी सरकारी कर्मचारियों की ही तरह टैक्स छूट के दायरे में आने वाली ग्रेच्युटी की सीमा को 20 लाख रुपये करना चाहती है। संसद से विधेयक पास होने के बाद सरकार को छूट के दायरे में आने वाली ग्रेच्युटी की सीमा को दोबारा तय करने की जरूरत नहीं रह जाएगी। फिलहाल संगठित क्षेत्र में काम करने वालों को पांच साल या उससे ज्यादा की सर्विस पर 10 लाख रुपये तक की ग्रेच्युटी पर टैक्स छूट मिलती है। यह विधेयक पारित होने के बाद, सरकार को कंद्रीय कानून के तहत मातृत्व अवकाश की अवधि और ग्रेच्युटी को नोटिफाई करने की अनुमति मिल सकेगी। श्रम मंत्री संतोष गंगवार ने 18 दिसंबर, 2017 को लोकसभा में यह विधेयक पेश किया था।

जूता-चप्पल फैक्टरी में लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

नई दिल्ली,(आरएनएस)। रविवार देर रात दिल्ली के नरेला इंडस्ट्रियल एरिया में प्लास्टिक की एक फैक्टरी में अचानक आग लग गई। आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते आग ने तीन मंजिला प्लास्टिक जूता- चप्पल फैक्टरी को अपनी चपेट में ले लिया। रात को लगी आग अब तक नहीं बुझ पाई है। वहीं, आग में लाखों रुपये का माल जल कर राख हो गया है। जानकारी के मुताबिक, आग इतनी भीषण है कि उसे बुझाने के लिए दमकल की 26 गाड़ियां मौके पर जूझ रही हैं। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है। यह भी पता चला है कि फैक्टरी में जब आग लगी तो उस समय 4-5 लोग अंदर थे, जिन्हें फायर कर्मियों ने आग बढ़ने से पहले ही सुरक्षित बाहर निकल लिया। समयपुर बादली इलाके में रविवार दोपहर एसी स्टैंड बनाने की फैक्टरी में ओवन में विस्फोट से फैक्टरी में आग लग गई और तीन मजदूर गंभीर रूप से झुलस गए। उनकी पहचान पप्पू, कैलाश व विनीत के रूप में हुई है। तीनों घायलों का इलाज एलएनजेपी अस्पताल में चल रहा है। इस बाबत समयपुर बादली थाना पुलिस ने फैक्ट्री मालिक मंगल के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। समयपुर बादली की टीचर्स कालोनी में एसी के स्टैंड बनाने की फैक्ट्री है। रविवार को इसके ओवन में गैस बनने से विस्फोट हो गया। वहां मौजूद लोगों ने पुलिस एवं अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी। कैट्स की एम्बुलेंस ने घायलों को पहले रोहिणी अंबेडकर अस्पताल में भर्ती कराया। तीनों के करीब 50 फीसद जले होने के कारण उन्हें शुरुआती उपचार के बाद एलएनजेपी अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं मौके पर पहुंची दमकल की दो गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। खाना बनाते वक्त फटा सिलेंडर, 25 घायल इंदिरा कैंप श्रीनिवासपुरी झुग्गी बस्ती में खाना बनाते वक्त सिलेंडर फटने से 25 लोग घायल हो गए। सूचना पर फायर ब्रिगेड की चार गाड़ियों ने आग पर काबू पा लिया। जानकारी के अनुसार, इंदिरा कैंप श्रीनिवासपुरी झुग्गी बस्ती में लीलावती की झुग्गी में शाम करीब सात बजे सिलेंडर लीकेज हो गया। इस दौरान वह खाना बना रही थी। देखते ही देखते इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंची चार गाड़ियों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस हादसे में 25 लोग घायल हो गए हैं, जिनमें तीन गंभीर रूप से घायल हैं।

कंपनियों के तिमाही नतीजे तय करेंगे दलाल स्ट्रीट की चाल

नई दिल्ली, (आरएनएस)। दलाल स्ट्रीट की चाल पर कुछ बड़ी कंपनियों के तिमाही नतीजों और थोक महंगाई के आंकड़ों का असर पड़ सकता है। इस हफ्ते एचडीएफसी बैंक, आइटीसी और विप्रो जैसी ब्लूचिप कंपनियों के नतीजे आने हैं। इनके अतिरिक्त निवेशक थोक महंगाई और बजट पूर्व संकेतों पर भी नजर रखेंगे। 18 जनवरी को जीएसटी काउंसिल की बैठक में होने वाले फैसले भी बाजार धारणा को प्रभावित कर सकते हैं। प्रमुख शेयर बाजार साप्ताहिक आधार पर पिछले छह हफ्ते से बढ़त में चल रहे हैं। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का सेंसेक्स बीते सप्ताह 438.54 अंक के उछाल के साथ अब तक के सर्वोच्च स्तर 34592.39 पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी हफ्तेभर में 122.40 अंक की तेजी के साथ 10681.25 के रिकॉर्ड स्तर पर रहा। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, 'लिक्विडिटी की बेहतर स्थिति और ग्लोबल मार्केट से सकारात्मक संकेतों के दम पर इस हफ्ते भी बाजार में तेजी की उम्मीद है। हालांकि तिमाही नतीजे और बजट से पहले के संकेत धारणा पर असर डालेंगे।' शुक्रवार को बाजार बंद होने के बाद आए औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आइआइपी) और खुदरा महंगाई के आंकड़ों पर भी बाजार की प्रतिक्रिया देखने को मिल सकती है। नवंबर में आइआइपी की वृद्धि दर 17 महीने के उच्च स्तर 8.4 फीसद पर रही। यह तेजी मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में रौनक लौटने का स्पष्ट संकेत है। हालांकि, दिसंबर में खुदरा महंगाई भी 17 महीने के ऊंचे स्तर 5.2 फीसद पर पहुंचने से धारणा पर असर पड़ सकता है। इस बीच, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआइआइ) में उत्साह बना हुआ है। सकारात्मक संकेतों को देखते हुए 12 जनवरी तक एफआइआइ ने 5,252 करोड़ रुपये का निवेश किया है। इनमें से 2,172 करोड़ रुपये इक्विटी में और 3,080 करोड़ रुपये डेट मार्केट में डाले गए।

थोक महंगाई में आई गिरावट

नई दिल्ली (आरएनएस)। साल 2017 के दिसंबर महीने में थोक मूल्य सूचकांक आधारित (डब्ल्यूपीआई) महंगाई दर में नरमी देखने को मिली है। दिसंबर महीने में डब्ल्यूपीआई महंगाई दर घटकर 3.58 फीसदी के स्तर पर आ गई। नवंबर महीने में यह 3.93 फीसद रही थी। मैन्युफैक्चरिंग प्रोडक्ट डब्ल्यूपीआई 2.61 फीसद के स्तर पर बरकरार रही है। दिसंबर महीने में खाद्य थोक महंगाई दर 4.10 फीसद से घटकर 2.91 फीसद रही है। इसके अलावा थोक महंगाई दर 3.93 फीसद से घटकर 3.58 फीसद रही है। वहीं सब्जियों से जुड़ी महंगाई दर 59.80 फीसद से घटकर 56.46 फीसद रही है। महंगाई के मोर्चे पर एक बार फिर से राहत की खबर नहीं आई है। दिसंबर महीने में सीपीआई इन्फ्लेशन 5.21 फीसद रही है जो कि नवंबर महीने में 4.88 फीसद रही थी। साल 2017 के आखिरी महीने में सीपीआई महंगाई के 5.12 फीसद पर रहने का अनुमान लगाया गया था। फ्यूल एवं बिजली क्षेत्र से जुड़ी महंगाई दर 7.9 फीसद पर बरकरार रही है जबकि सब्जियों की महंगाई 22.48 फीसद से बढ़कर 29.13 फीसद रही है। कपड़ा और फुटवेयर सेक्टर की ग्रोथ 4.96 फीसद से बढ़कर 4.9 फीसद रही, जबकि खाद्य महंगाई 4.42 फीसद से बढ़कर 4.96 फीसद रही है। महीने दर महीने आधार पर दिसंबर में शहरी इलाकों की महंगाई दर 7.36 फीसदी से बढ़कर 8.25 फीसदी रही है। महीने दर महीने आधार पर दिसंबर में दालों की महंगाई दर -23.53 फीसदी के मुकाबले -23.47 फीसदी रही है। दिसंबर में सब्जियों की महंगाई दर 22.48 फीसदी से बढ़कर 29.13 फीसदी पर रही है। हालांकि फ्यूल, बिजली की महंगाई दर में किसी कोई बदलाव नहीं हुआ है। महीने दर महीने आधार पर दिसंबर में फ्यूल, बिजली की महंगाई दर में 7.9 फीसदी पर बरकरार रही है। महीने दर महीने आधार पर दिसंबर में कपड़ों और जूतों की महंगाई दर 4.96 फीसदी से घटकर 4.8 फीसदी रही है।

हैदराबाद हंटर्स ने पहली बार जीता खिताब, फाइनल में बेंगलुरु को हराया

हैदराबाद (आरएनएस)। हैदराबाद हंटर्स ने रविवार को बेंगलुरु ब्लास्टर्स को 4-3 से



हराकर प्रीमियर बैडमिंटन लीग का अपना पहला खिताब जीता। हैदराबाद ने रविवार को गाचीबाउली स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में बेंगलुरू ब्लास्टर्स को 4-3 से हराया। मेजबान टीम ने पुरुष युगल मैच गंवाने के बाद पुरुष एकल मैच (ट्रम्प) जीतते हुए 2-1 की बढ़त हासिल की, लेकिन इसके बाद वह दूसरा पुरुष एकल मैच हार गई। यह बेंगलुरू का ट्रम्प मैच था। यहां स्कोर 3-2 बेंगलुरू के पक्ष में हो गया। इसके बाद कैरोलिन मारिन ने महिला एकल मुकाबला जीतते हुए स्कोर 3-3 की बराबरी पर ला दिया। हैदराबाद के लिए निर्णायक अंक उसकी मिश्रित युगल की जोड़ी पिया जेबादियास बनडेथ और सात्विकसंकीराज रेड्डी की जोड़ी ने जीता। इस जोड़ी ने बेंगलुरू की किम सांग और एन.सिक्की रेड्डी की जोड़ी को 15-11, 15-12 से मात दी। इससे पहले, 2-1 से पिछड़ने के बाद विक्टर एक्सेलसन ने हैदराबाद के बी. साई प्रणीथ को 15-8, 15-10 से मात देते हुए बेंगलुरू की वापसी करा दी थी। यह बेंगलुरू का ट्रम्प मैच था। गौरतलब है कि पीबीएल में हर टीम का एक मैच ट्रम्प मैच होता है जिसे जीतने पर उसके हिस्से दो अंक आते हैं जबकि हारने पर उसके अंक काट लिए जाते हैं। विक्टर ने पहले गेम की अच्छी शुरुआत की और 3-1 की बढ़त ले ली। प्रणीथ ने वापसी की कोशिश की, लेकिन विक्टर ब्रेक में 8-5 की बढ़त के साथ गए। ब्रेक के बाद विक्टर ने गेम अपने नाम करने में ज्यादा समय नहीं लगाया और 15-8 से गेम जीत ले गए। दूसरे गेम में भी विक्टर आगे रहे। उन्होंने 3-0 की बढ़त ले ली थी जिसे कायम रखते हुए वह ब्रेक में 8-2 की बढ़त के साथ गए। ब्रेक के बाद प्रणीथ वापसी नहीं कर पाए और विक्टर ने दूसरे गेम में 15-10 से जीत हासिल करते हुए मैच अपने नाम किया और अपनी टीम की वापसी कराई। इसके बाद हैदराबाद की मारिन ने बेंगलुरू की क्रिस्टि गिल्मर को 15-8, 15-14 से मात देते हुए स्कोर बराबर किया और फिर बनडेथ और रंकीरेड्डी की जोड़ी ने अपनी टीम को जीत दिलाई। दिन के पहले मुकाबले में बेंगलुरू ने जीत हासिल करते हुए बढ़त ले ली थी। पुरुष युगल के मुकाबले में कोर्ट पर उतरे बेंगलुरू के माथियास बोए और यंग ली की जोड़ी ने हैदराबाद के मार्किस किडो और यो यियोंग सेयोंग की जोड़ी को सीधे गेमों में 15-9, 15-10 से मात देते हुए अपनी टीम को 1-0 से आगे कर दिया था। इसके बाद हुए पुरुष एकल वर्ग के मैच में हैदराबाद के ली ह्यून इल ने बेंगलुरू के शुभांकर डे को 15-7, 15-13 से मात देते हुए अपनी टीम को 2-1 से आगे कर दिया। यह हैदराबाद का ट्रम्प मैच था जिसे जीतकर इल ने अपनी टीम को दो अंक दिलाए।

फेडरर को बरसों से केन रोसवाल खिलाड़ी ने लिखा हैं 'गुडलक खत

मेलबर्न,(आरएनएस)। हर आस्ट्रेलियाई ओपन के दौरान महान टेनिस खिलाड़ी केन रोसवाल एक भावभीना पत्र रोजर फेडरर के लिये लिखते हैं और उसे उनके लॉकर रूम में रखवाते हैं। यह छोटा सा कागज का टुकड़ा होता है जिस पर वे अपनी खूबसूरत लिखावट में छोटा सा नोट लिखकर वाचमैन को देते हैं। मैं छोटा सा पत्र लिखता हूं। गुड लक। उम्मीद है कि परिवार कुशल से होगा। बस इतना ही। उन्होंने कहा कि, 'मेरे एक्रीडेशन पास से मैं ड्रेसिंग रूम में नहीं जा सकता। मैं उनकी निजता में खलल नहीं डालना चाहता इसलिये मैने पत्र लिखने का तरीका तलाशा। रोसवाल ने कहा कि वह कई बार फेडरर से मिल चुके हैं और वह उनके बड़े मुरीद हैं। उन्होंने कहा कि, 'उनके लाखों प्रशंसक हैं जिनमें से मैं भी हूं। वह काफी समय से बड़े टूर्नामेंट जीत रहा है। अभी भी उनके भीतर काफी टेनिस बाकी है। रोसवाल ने 1972 में 37 बरस की उम्र में आस्ट्रेलियाई ओपन खिताब जीता था। फेडरर 36 साल की उम्र में अपना खिताब बरकरार रखने उतरेंगे।

सेंसेक्स ने रिकॉर्ड 34963 के लेवल को छुआ

नई दिल्ली,(आरएनएस)। पॉजिटिव ग्लोबल संकेतों से हफ्ते के पहले कारोबारी दिन भारतीय शेयर बाजार की शुरुआत रिकॉर्ड लेवल पर हुई। निफ्टी पहली बार 10,700 के पार खुला। वहीं सेंसेक्स की भी शुरुआत रिकॉर्ड हाई पर हुई। कारोबार में तेजी से सेंसेक्स ने 34963.69 के रिकॉर्ड नई ऊंचाई को छुआ। वहीं निफ्टी 10,782.65 प्वाइंट्स तक पहुंचा। हेवीवेट शेयरों एचडीएफसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी, एसबीआई, एचडीएफसी बैंक और इंफोसिस में बढ़त से मार्केट को सपोर्ट मिला है। सोमवार को एशियाई बाजार भी ऐतिहासिक हाई लेवल पर पहुंचे। एशियाई बाजारों में तेजी से भारतीय शेयर बाजार में मजबूती आई। शुक्रवार को देश की दूसरी सबसे बड़ी आईटी कंपनी इंफोसिस के नतीजे उम्मीद से बेहतर रहे। थर्ड क्वार्टर में कंपनी का मुनाफा 38 फीसदी बढ़कर 5129 करोड़ रुपए रहा। इससे बाजार को सपोर्ट मिला। वहीं हैवीवेट एसबीआई, रिलायंस इंडस्ट्रीज, टीसीएस और आईटीसी में बढ़ोतरी से बाजार में तेजी आई है। सेंसेक्स 95 प्वाइंट की बढ़त के साथ 34,687 अंक पर खुला, जबकि निफ्टी 37 अंक बढ़कर 10,718 अंक पर खुला। बैंकिंग शेयरों में तेजी से निफ्टी बैंक इंडेक्स पहली बार 26,000 के स्तर के पार हुआ। बैंकिंग शेयर्स आईसीआईसीआई बैंक, कोटक बैंक, एचडीएफसी बैंक, एक्सिस बैंक, कैनरा बैंक, एसबीआई, फेडरल बैंक में मजबूती से निफ्टी बैंक पहली बार 26000 के पार हुआ है। कारोबार के दौरान बैंक निफ्टी ने 26,029.45 का हाई बनाया।

आसान होगा जीएसटी में मुनाफाखोरी की शिकायत करना

नई दिल्ली (आरएनएस)। वित्त मंत्रालय वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) व्यवस्था में मुनाफाखोरी की शिकायत के फॉर्म को सरल बनाने की तैयारी कर रहा है। उपभोक्ताओं को ऐसी कंपनियों के खिलाफ शिकायत की व्यवस्था दी गई है, जो जीएसटी दरों में कटौती का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाने के बजाय उससे मुनाफा कमाते हैं। मंत्रालय इस प्रक्रिया में भरे जाने वाले फॉर्म को उपभोक्ताओं के ज्यादा अनुकूल और सरल बनाना चाहता है। पिछले साल एक जुलाई को जीएसटी लागू होने के बाद से ग्राहकों ने कंपनियों द्वारा कर में कटौती का लाभ नहीं देने के बारे में स्थायी समिति और जांच समिति के समक्ष 170 शिकायतें की हैं। इस संबंध में शिकायत के लिए उन्हें एक पन्ने का फॉर्म भरना होता है। लेकिन इस एक पन्ने के फॉर्म में 44 अलग-अलग कॉलम में जानकारी देनी पड़ती है। एक अधिकारी ने कहा कि स्थायी समिति को फॉर्म को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इनको ध्यान में रखते हुए इसे सरल किया जा रहा है। जल्द आसान फॉर्म लाया जाएगा। फॉर्म को इस तरह से बनाया जा रहा है कि एक आम आदमी भी बिना किसी अकाउंटेंट की मदद के इसे भर सके। इसमें कोई जटिल ब्योरा नहीं देना होगा। सरकार रियल एस्टेट को जीएसटी के दायरे में लाने की दिशा में कदम बढ़ाने जा रही है। माना जा रहा है कि जीएसटी काउंसिल की 18 जनवरी को नई दिल्ली में होने वाली बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हो सकती है। हालांकि केंद्र ने जो विकल्प राज्यों को सुझाया है, उसमें जीएसटी के दायरे में रियल एस्टेट के आने के बाद भी स्टांप ड्यूटी और प्रॉपर्टी टैक्स को बरकरार रखा जा सकता है। सूत्रों ने कहा कि केंद्र सरकार ने इस संबंध में पहल करते हुए जीएसटी काउंसिल की 10 नवंबर को गुवाहाटी में हुई 23वीं बैठक के एजेंडा में एक पावर प्वाइंट प्रजेंटेशन रखा था, लेकिन समयाभाव के चलते इस पर चर्चा नहीं हो सकी। इसीलिए अब आगामी बैठक में इस पर चर्चा होने के आसार हैं।

डायनामोज ने मजबूत बेंगलुरू को 2-0 से मात दी

नयी दिल्ली,(आरएनएस)। लगातार हार से बेदम दिल्ली डायनामोज टीम ने रविवार को जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम में खेले गए हीरो इंडियन सुपर लीग (आइएसएल) के चौथे सत्र के अपने 10वें दौर के मुकाबले में मजबूत बेंगलुरू एफसी को 2-0 से हरा दिया।

दिल्ली ने लालियानजुआला चांग्ते के 72वें और गुयोन फर्नांडिज के 98वें मिनट में किए गए गोल की मदद से जीत हासिल करते हुए खुद को प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखने की कोशिश जारी रखी। दिल्ली को लम्बे इंतजार के बाद जीत मिली है। उसने अपने पहले मैच में एफसी पुणे सिटी को 3-2 से हराया था लेकिन इसके बाद उसे लगातार छह मैचों में हार मिली थी। इस जीत के बाद भी हालांकि अंक तालिका में दिल्ली के लिए कुछ नहीं बदला है। उसके खाते में तीन अहम अंक आए हैं और उसके कुल सात अंक हो गये है लेकिन वह अब भी 10वें स्थान पर ही बनी हुई है। दूसरी ओर, दिल्ली के हाथों यह मैच गंवाकर बेंगलुरू की टीम ने चेन्नईयन एफसी को पीछे छोड़ते हुए एक बार फिर से तालिका में शीर्ष पर पहुंचने का मौका गंवा दिया है।